कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव।

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, तृतीय तल जवाहर भवन, एनेक्सी लखनऊ के पत्रांक संख्या 1458/एसएलएसए–49/2016 (2021–22) (हैदर) दिनांकित 12.04.2022 के आदेश के अनुपालन में स्थायी लोक अदालत उन्नाव में 02 सदस्य के पद पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन साक्षात्कार की दिनांक 08.06.2022 समय 11:00 बजे निर्धारित की गयी है।

उक्त 02 पद हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 03.09.2021 तक कुल 92 आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्राप्त हुये थे। जिनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

अतः आप समस्त आवेदकगण ऑनलाइन साक्षात्कार हेतु दिनांक 08.06.2022 को समय 10:00 बजे अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों के साथ कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव में उपस्थित होने का कष्ट करें। उक्त के सम्बन्ध में आवेदकों को अलग से भी डाक द्वारा सूचित किया जायेगा।

07.05.2022

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
उन्नाव।

प्रतिलिपि–

1. ओ0एस0डी0 कम्प्यूटर, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सादर प्रेषित।
2. जिला सूचना अधिकारी, उन्नाव को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह उक्त कार्यालय आदेश के सम्बन्ध में विज्ञप्ति का निःशुल्क प्रकाशन कराकर समाचार पत्रों की एक–एक प्रति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. सिस्टम ऑफिसर कम्प्यूटर उन्नाव को उक्त आदेश तथा संलग्नक पत्र माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

07.05.2022

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
उन्नाव।